# Sample Question Paper

## Common Annual Examination (वार्षिक परीक्षा)

| Class- VI | | Subject- हिंदी |
|---|---|---|
| Time- 2 घंटे 30 मिनट | | Max. Marks – 50 |
| | DESCRIPTION | M.M |
| | सामान्य निर्देश :-<br>1. यह प्रश्नपत्र निष्ठा समूह के लिए है\|<br>2. इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं – क, ख, ग और घ \|<br>3. यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः दीजिए \|<br>4. उत्तर लिखने से पहले प्रश्न संख्या लिखिए\|<br>5. प्रत्येक उत्तर लिखने के बाद एक या दो लाइन छोड़कर अगले प्रश्न का उत्तर लिखिए\| | |
| | **खंड – 'क'**<br>**(पठित-अंश)** | |
| प्रश्न सं. 1 | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –**<br>मास्टर : (हँसकर) कुछ नहीं, माता जी, मोहन ने महीना भर मौज की\| स्कूल का काम रह गया। आज खयाल आया। बस डर के मारे पेट में ऐसे-ऐसे होने लगा। 'ऐसे-ऐसे'! अच्छा उठिए साहब! आपके 'ऐसे-ऐसे' की दवा मेरे पास है। स्कूल से आपको दो दिन की छुट्टी मिलेगी। आप उसमें अपना काम करेंगे और आपका 'ऐसे-ऐसे' दूर भाग जाएगा। (मोहन उसी तरह मुँह छिपाए रहता है।) अब उठकर सवाल शुरू कीजिए। उठिए, खाना मिलेगा। | |
| | (क) किसने कहा कि "ऐसे-ऐसे की दवा मेरे पास है?<br>(ख) स्कूल से मोहन को कितने दिनों की छुट्टी मिलनेवाली थी?<br>(ग) मोहन ने कितने दिन मौज किया?<br>(घ) मोहन को किसलिए छुट्टी मिलनेवाली थी ?<br>(ङ) इन दिनों मोहन को क्या करना था? | **1X5=5** |
| प्रश्न सं. 2 | निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –<br>लक्ष्मी थी या दुर्गा थी वह स्वयं वीरता की अवतार,<br>देख मराठे पुलकित होते उसकी तलवारों के वार,<br>नकली युद्ध, व्यूह की रचना और खेलना खूब शिकार,<br>सैन्य घेरना, दुर्ग तोड़ना, ये थे उसके प्रिय खिलवार ,<br>महाराष्ट्र-कुल- देवी उसकी, भी आराध्य भवानी थी ।<br>बुंदेले हरबोलों के मुँह, हमने सुनी कहानी थी।<br>खूब लड़ी मर्दानी वह तो, झाँसी वाली रानी थी | |

| | | |
|---|---|---|
| | (क) झाँसी की रानी को किनका अवतार कहा गया है?<br>(ख) मराठे किसे देखकर पुलकित होते थे?<br>(ग) रानी के प्रिय दो खेलों के नाम लिखिए?<br>(घ) हमने यह कहानी किसके मुहँ से सुनी थी?<br>(ङ) मर्दानी शब्द किसके लिए कहा गया है? | 1X5=5 |
| | **खंड- 'ख'**<br>**(व्यावहारिक व्याकरण)** | |
| प्रश्न सं. 3 | निम्नलिखित शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए-<br>(i) कृपया<br>(ii) ईमानदार | 1X2=2 |
| प्रश्न सं. 4 | निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित संज्ञा शब्द के भेद का नाम लिखिए-<br>(i) यमुना नदी दिल्ली होकर गुजरती है।<br>(ii) छात्र विद्यालय से घर जा रहे हैं। | 1X2=2 |
| प्रश्न सं. 5 | निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम शब्द छांटकर लिखिए-<br>(i) मैं सोमवार को घूमने जाऊंगा।<br>(ii) पेड़ के पीछे कोई छिपा हुआ है। | 1X2=2 |
| प्रश्न सं. 6 | (क) निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द का लिंग बदलकर उचित वाक्य लिखिए-<br>गणित के शिक्षक आ रहें हैं।<br>(ख) निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द को बहुवचन में बदलकर उचित वाक्य लिखिए-<br>बालिकाओं ने परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन किया। | 1X2=2 |
| प्रश्न सं. 7 | (क) निम्नलिखित वाक्य में काल के भेद को पहचानकर लिखिए-<br>मोहन कल विद्यालय नहीं जायेगा।<br>(ख) 'फूल' शब्द के दो पर्यायवाची लिखिए- | 1X2=2 |
| | **खंड- 'ग'**<br>**(पाठ्य-पुस्तक)** | |
| प्रश्न सं. 8 | निम्नलिखित में किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए - | 2X5=10 |
| | (क) 'ऐसे-ऐसे' पाठ में माँ क्यों घबरा रही थी?<br>(ख) राजप्पा ने अँगीठी में क्या डाल दिया?<br>(ग) झाँसी की रानी के बचपन में किसके साथ खेलती थी?<br>(घ) 'मै सबसे छोटी होऊं' कविता में छोटी लड़की क्या कहना चाहती है?<br>(ङ) लोकगीत किसे कहते हैं?<br>(च) उत्तर-प्रदेश के किन्ही दो प्रसिद्ध लोकगीतों के नाम लिखिए। | |
| प्रश्न सं. 9 | निम्नलिखित में किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए - | 3x2=6 |

| | | |
|---|---|---|
| | (क) ऐसे तीन बहाने लिखिए जिन्हें मास्टर जी एक ही बार में सुनकर समझ जाते हैं?<br>(ख) 'मै सबसे छोटी होऊं' कविता में छोटी लड़की बड़ी क्यों नहीं होना चाहती?<br>(ग) हमारे यहाँ स्त्रियों के खास गीत कौन-कौन से होते हैं? 'लोकगीत' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए | |
| प्रश्न सं. 10 | झाँसी की रानी की वीरता की कहानी अपने शब्दों में लिखिए \|<br>अथवा<br>'लोकगीत' पाठ के आधार पर अपने क्षेत्र के लोकगीत की विशेषताओं को लिखिए? | 4x1=4 |
| | **खंड-'घ'**<br>**(रचनात्मक लेखन)** | |
| प्रश्न सं. 11 | निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80 से 100 शब्दों में निबंध लिखिए-<br>**(क) गणतंत्र - दिवस**<br>**(ख) हमारा विद्यालय**<br>**अथवा**<br>**दिए गए चित्र को देखकर 80 से 100 शब्दों में अपने विचार लिखिए-**<br> | 5 |
| प्रश्न सं. 12 | निम्नलिखित पत्र के प्रारूप को पूरा कीजिए-<br>(विद्यालय में सफाई के लिए प्रधानाचार्य को पत्र)<br><br>सेवा में,<br>दिनांक-<br>_____<br>_____<br><br>विषय- _____ | 5 |

महोदय,

निवेदन है कि मैं _____
_____
_____
_____

धन्यवाद सहित
भवदीय
_____

अथवा

निम्नलिखित पत्र के प्रारूप को पूरा कीजिए-
(अपनी भाई के जन्मदिन पर शुभकामना पत्र )

परीक्षा भवन
तिथि_____
_____ भाई
मैं यहाँ कुशलपूर्वक रहते हुए आशा करता हूँ कि तुम भी कुशल होगे| सबसे पहले तुम्हें तुम्हारे _____ के लिए हार्दिक बधाई| _____
_____
_____
घर में बड़ों को मेरा प्रणाम और छोटों को मेरा प्यार कहना|
तुम्हारा
_____